# राजस्थान सरकार
# निदेशालय कोष एवं लेखा राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः एफ.1(A)(47)डीपीसी / AAO Gr-I / 2021–22 / 26 दिनांक 19.01.2022

## आदेश

श्री इकबाल अली रंगरेज, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II जन्मतिथि 21.08.1965 का वर्ष 2021–22 की रिक्तियों के विरूद्ध सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II से सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I के पद पर पदोन्नति हेतु आयोजित विभागीय पदोन्नति समिति दिनांक 23.09.2021 द्वारा वर्ष 2019–20 के वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन के अभाव में पदोन्नति नतीजा आस्थगित रखा गया।

श्री रंगरेज ने अपने अभ्यावेदन में निवेदन किया है कि इनका वर्ष 2019–20 का वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन दिनांक 02.11.2020 को इस विभाग में प्राप्त हो चुका है जिसके क्रम में श्री रंगरेज द्वारा माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय में SB Civil Writ petition no 17247/2021 दायर की गई। माननीय उच्च न्यायालय ने अपने निर्णय दिनांक 14.12.2021 द्वारा निर्देशित किया है कि प्रार्थी विभाग में अभ्यावेदन प्रस्तुत करे तथा विभाग को प्रकरण का 3 सप्ताह की समय सीमा में निर्णित करने हेतु निर्देशित किया गया है।

इस संबंध में विभागीय स्तर पर जांच उपरांत श्री रंगरेज का वर्ष 2019–20 का वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन विभाग में दिनांक 26.10.2021 को प्राप्त होना पाया गया है।

वर्ष 2021–22 तक की सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II से सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I की विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक पश्चात विभिन्न वर्षो के शेष रहे आस्थगित प्रकरणों पर विचार कराने हेतु सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर को प्रस्ताव भिजवाये जा चुके है। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक के आयोजन की सहमति मिलने पर विभागीय पदोन्नति समिति द्वारा श्री इकबाल अली रंगरेज, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II की पदोन्नति पर विचार किया जायेगा।

अतः श्री इकबाल अली रंगरेज के अभ्यावेदन का एतद्द्वारा निस्तारण किया जाता है।

(भूपेश माथुर)
निदेशक एवं पदेन
संयुक्त शासन सचिव

क्रमांकः एफ.1(A)(47)डीपीसी / AAO Gr-I / 2021–22 / 26 दिनांक 19.01.2022

**प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित हैः–**

1. श्री इकबाल अली रंगरेज, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
2. सचिव, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
3. उप निदेशक (एसीपी) कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
4. कार्मिक–II / एपीएआर / जांच अनुभाग कार्यालय हाजा।

(धीरज सिसोदिया)
अति. निदेशक (कार्मिक–I)

ए–ब्लॉक, वित्त भवन, जनपथ, जयपुर, Website-dta.raj.nic.in, e-mail ID- jdpl-ta-rj@ nic. in
Tel : 0141-2744134, Fax : 2740239, 2740735

E:AO/2015-16/LETTER